**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# शान तिरंगा

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शान–तिरंगा आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि हर–घर तिरंगा अभियान, मूलतः हर भारतीय के मन में देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराता है। इस शुभ अवसर पर कौन बनेगा कारोड़पति (राष्ट्रीय क्विज) में छत्तीसगढ़ एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल का सम्मान महाविद्यालय द्वारा किया गया।

डॉ. अग्रवाल ने अपने के.बी.सी. के अनुभव को साझा किया। उन्होनें कहा कि कोई भी लक्ष्य, मेहनत से हासिल किया जा सकता है। कला संकाय द्वारा भी उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

नृत्य विभाग द्वारा प्राचार्य एवं अग्रवाल सर को शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कौशल विकास केन्द्र एवं यूथर रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान का प्रतीक है। इसके साथ ही उन्होनें प्रसिद्ध गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा'' का गान किया, साथ ही वहाँ उपस्थित सभी दर्शकों ने उनके स्वर में स्वर देकर पूरे माहौल को देशभक्ति पूर्ण कर दिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा विभाग की छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के इस अभियान में नृत्यों की प्रस्तुति से आपरांजलि दी है।

सांस्कृति प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राजगीत ''अरपा पैरी के धार'' को शास्त्रीय नृत्य शैली के रूप में प्रस्तुत किया। ऊर्मिला साहू ने पंजाब की मिट्टी से जुड़ा नृत्य एवं सौमिली माईत्री ने बंगाल की संस्कृति को दिखाती प्रस्तुति दी। चांदनी कुलस्ते ने देश रंगीला पर नृत्य किया। पूजा चेलक ने तिरंगा पर कविता पाठ किया। प्रगति दुबे ने ''ऐ मेरे वतन के लोगों'' गीत गाकर समा बांध दिया।

कार्यक्रम का अंत समूह नृत्य ''मिटी से मिल जावा प्रस्तुति के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में

# शान तिरंगा






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# माटी शिल्प कार्यशाला आयोजित
# छात्राओं ने बनायी मिट्टी की गणेश प्रतिमायें

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चित्रकला एवं मूर्तिकला विभाग द्वारा तीन दिवसीय माटी–शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रायें मिट्टी के गणेश एवं अन्य मूर्तियाँ बनाना सीखेंगी। गणेश पक्ष को देखते हुए उन्हें इको फ्रेंडली गणेश बनाना सीखाया जा रहा है ताकि वे घर पर ही स्थापित कर उसका विसर्जन कर सके।

उद्घाटन अवसर पर छत्तीसगढ़ कला परिषद के निदेशक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी कलायें आपस में जुड़ी हुई हैं। अंतर्संबंध बनाये हुये ये एक–दूसरे का सौंदर्य बढ़ाती है।

कार्यशाला की संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इसमें लगभग 115 छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया है।

छात्राओं की सृजनशीलता को बढ़ावा देने मुख्य प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र सुनगरिया को आमंत्रित किया गया है, जो स्वयं छ0ग0 संस्कृति विभाग एवं यूनिसेक के साथ कार्य कर रहे हैं एवं शिल्प वर्ष संस्था के कलाकारों को मूर्तिशिल्प सिखा रहे हैं।

महाविद्यालय में इस वर्ष से मूर्तिकला एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है जिसकी सहायक प्राध्यापक तृप्ति खरे ने बताया कि इस कार्यशाला के लिए छात्राओं में बेहद उत्साह है।

कार्यशाला के प्रथम दिन दुर्ग के विधायक श्री अरूण वोरा एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने कार्यशाला का अवलोकन किया एवं छात्राओं के कौशल विकास की प्रशंसा की। कार्यशाला की दूसरे दिन प्रसिद्ध चित्रकार श्रीमती रोहिणी पाटणकर ने कार्यशाला में उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंतिम दिन छात्राओं द्वारा बनाये गये गणेश की प्रतिमा एवं अन्य कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें से प्रथम तीन मूर्तियों के लिये कावेरी (एमएससी, रसायनशास्त्र) प्रथम, रिया बारले (बी.ए.–III)– द्वितीय एवं ललिता साहू (बी.ए.–III) तृतीय स्थान का पुरस्कृत किया गया।

समापन सत्र प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. आरती गुप्ता ने संबोधित किया। इस अवसर पर माटी शिल्प बोर्ड, रायपुर के श्री विमल उपस्थित थे।

कार्यशाला को सुन्दर स्वरूप प्रदान करने कु. शबीना बेगम (सहा0 प्रा0 इतिहास) वाणी दिल्लीवार, नीलम परिहार, रिया, विमल यादव, ओम ध्रुव, विजय चन्द्राकर, बल्ला वैष्णव, विनोद कुमार, अनीता का उल्लेखनीय योगदान रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में माटी शिल्प कार्यशाला







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में देसी डे

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नृत्य विभाग द्वारा देसी–डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से महाविद्यालय की छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। देसीडे का कार्यक्रम 2017 से प्रारंभ हुआ था लेकिन कोरोना काल में दो साल ऑनलाईन किया गया जिससे छात्राओं का उत्साह देखते बनता है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के अवसर छात्राओं में प्रोत्साहन का कार्य करते है, प्रोत्साहन छात्राओं में ऊर्जा का संचार करते है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में हार–जीत तो लगी रहती है, लेकिन जिन छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से अपने हुनर को प्रदर्शित किया वे सभी हमारे लिए विजयी है। प्रस्तुति देना ही अपने आप में विजेता का प्रतीक होता है। इस अवसर पर देसीडे के लगभग 38 समूह आये। खासियत सभी समूह के नाम हिन्दी में और कुछ नाम देवी के नाम से रखे गये। पूरे महाविद्यालय की छात्राओं ने भारतीय परिधान पहने। शक्ति, अप्सरा, गरबा, रास, लास्य, कुष्मांडा आदि नाम थे। चित्रकला प्रतियोगिता में 76 छात्राएँ थी उन्होनें नवदुर्गा स्वरूप पर कला दिखाई।

इतिहास विभाग ने इस अवसर पर भारत शक्तिपीठ पर कोलाज /पोस्टर स्पर्धा रखी गई। कोलाज / पोस्टर प्रतियोगिता (देसी डे) प्रथम– सुषमा विश्वकर्मा, द्वितीय–आशा साहू तथा तृतीय–प्रगति निषाद, सांत्वना – साक्षी नायक, निर्णायक डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, व डॉ. यशेश्वरी ध्रुव रही।

(देसीडे) चित्रकला विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता किया गया जिसमें प्रथम स्थान–प्राची, द्वितीय स्थान–दीपशिखा शर्मा एवं पायल सिन्हा तृतीय स्थान–प्रीति बरूआ, सविता चांद, सांत्वना पुरस्कार– मुस्कान प्रधान, डॉली साहू, यामिनी चक्रधारी रही। निर्णायक डॉ. सुनीता गुप्ता एवं कुमारी वर्षा त्रिपाठी थी। देसीडे (गरबा) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–अप्सरा ग्रुप तथा द्वितीय स्थान –सांवरिया ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर नृत्य स्तम्भ रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकण एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## गर्ल्स कॉलेज में देसी डे











**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.01.2023

**//प्रेस विज्ञप्ति//**
**गर्ल्स कॉलेज में**
**आगाज़–2023 का भव्य आयोजन**

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रदर्शनात्मक कला विभाग द्वारा नये वर्ष 2023 के स्वागत में आगाज़ 2023 का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे श्रीमती मंजू अरुण वोरा उपस्थित थीं साथ ही महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

श्रीमती मंजू वोरा ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुये कहा कि बड़ी संख्या में प्यारी छात्राओं की उपस्थिति समारोह की रूचि एवं सफलता को बताती है। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओ को पुरस्कार देने की घोषणा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं में इस समारोह के लिये बहुत उत्साह रहा है। इस तरह के आयोजन से छात्राओं की प्रतिभा सामने आती है एवं उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। वर्ष 2023 के स्वागत में छात्राओं ने अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सुंदर परिचय दिया है।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया छात्राओं के लिए एकल गान, नृत्य (शास्त्रीय, लोक, बॉलीवुड) और समूह गान प्रतियोगिता रखी गई जिसमें अधिकाधिक संख्या में भागीदारी रही।

छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। नारी सशक्तिकरण पर नृत्य–नाटिका भी प्रस्तुत की गई जिसे सभी ने सराहा।

महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं कर्मचारियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ.मिलिंद अमृत फले, डॉ. विजय कुमार वासनिक एवं श्री शिशिर दर्शन बघेल ने सुमधुर गायकी से समाँ बांध दिया।

छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति से आभूत दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने भी ताल से ताल मिलाकर पूरे माहौल को नृत्य संगीत से भर दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर, कु. गुनगुन एवं अनामिका मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार एवं छात्रायें उपस्थित थे।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

**शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

**गर्ल्स कॉलेज में**

**आगाज़–2023 का भव्य आयोजन**






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.01.2023

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगितायें

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में वार्षिक प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन किया गया। कोविंड–19 के कारण इस तरह की प्रतियोगितायें बहुत अंतराल के बाद रखी गई, जिससे छात्राओं में बेहद उत्साह दिखाई दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह की विभिन्न प्रतियोगिता रखने से छात्राओं के व्यक्तित्व एवं कौशल का उन्नयन होता है।

संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि तात्कालिक भाषण के अतिरिक्त पूजा थाली सज्जा, मेंहदी, बेस्ट ऑफ वेस्ट, केश सज्जा, दुल्हन सज्जा स्पर्धायें रखी गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी दर्ज हुई।

भाषण प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम–प्रेरणा शर्मा, द्वितीय–काव्यशिखा, तृतीय– नीतू कुमारी रहीं। पूजा थाली सज्जा में 40 छात्राओं ने भागीदारी दिखाई प्रथम–प्रज्ञा कौशिक, द्वितीय – उमा साहू एवं तीसरे स्थान पर अंजली सिंह रहीं।

मेहंदी प्रतियोगिता में 63 छात्राओं में से प्रथम लीना देवांगन, द्वितीय अलीशा तथा तृतीय स्थान सुचिता बारसागड़े ने पाया। बेस्ट ऑफ वेस्ट में 34 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें– प्रथम स्थान पर दो छात्रायें– कु. किरण वर्मा एवं किरण सोनबेर, द्वितीय– ऊषा एवं तृतीय स्थान प्रगति निषाद और सांत्वना महक परवीन ने प्राप्त किया।

दुल्हन सज्जा में इस बार 39 छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुये कु. मंतशा ने स्पर्धा में बाजी जीती वहीं द्वितीय स्थान पर कु. श्रुति जैन एवं तृतीय ईषिका विश्वास रहीं।

इन प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज, डॉ. मंजूलता साव ने किया। अतिथि एवं जनभागदारी प्राध्यापकों का भरपूर योगदान रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगितायें







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.01.2023

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

## विद्यार्थियों की उपलब्धि गुरूओं के योगदान से होती है– वोरा

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक श्री अरूण वोरा थे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति मिश्रा, अध्यक्ष, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुये श्री वोरा ने कहा कि प्रगति में उनके माता–पिता व गुरूजनों का योगदान रहता है। विविध क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के लिए छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय का नाम छत्तीसगढ़ के नक्शे में उभारने के लिये महाविद्यालय परिवार व छात्रायें बधाई के पात्र है।

उन्होनें श्रीमती इंदिरा गांधी जी का स्मरण करते हुए छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कहीं तथा महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं की ओर से मांग रखे जाने पर डोमशेड एवं खेल मैदान के निर्माण के लिये 20 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

श्रीमती प्रीति मिश्रा जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्र जीवन में हम जो कुछ गुरूओं द्वारा सीखते है, वहीं हमारी जीवन की वास्तविक पूँजी होती है। शिक्षा प्राप्त कर हम कितने भी उच्च पद पर आसीन हो जाए, हमें अपने माता–पिता, गुरूजनों का आदर करना चाहिए एवं विनम्र रहना चाहिये।

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कठिन परिस्थितियाँ उन्नति के मार्ग में बाधा नहीं होती, जरूरत है अपनी मेहनत व लगन से लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होने की है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि 15 सितम्बर 1982 से प्रारंभ यह महाविद्यालय दुर्ग शहर में उच्च शिक्षा के लिए सैदव प्रयासरत है। इस महाविद्यालय की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि यहाँ की छात्राओं ने खेलकूद एवं परीक्षाओं में विश्वविद्यालय स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

अतिथियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रावीण्यता पदक से सम्मानित किया तथा युवा उत्सव, वार्षिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये।

इसके पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

## शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

### गर्ल्स कॉलेज में
### पुरस्कर वितरण कार्यक्रम
### विद्यार्थियों की उपलब्धि गुरूओं के योगदान से होती है– वोरा






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में रंगफुहार

शा.डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य एवं संगीत विभाग द्वारा होली के अवसर पर रंग–फुहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं में उसे लेकर बड़ा उत्साह रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि होली जनमानस का त्योहार है। सभी धर्म के लोग इसे शौक से मनाते हैं।

संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद अमृतफले ने रागदेस एवं रागकाफी में सुंदर गायकी प्रस्तुत की। बी.ए. अंतिम की छात्रा ललिता साहू ने – जहाँ जहाँ राधे वहाँ जाएंगे मुरारी पर सुंदर होली नृत्य प्रस्तुत किया।

वाणिज्य विभाग डॉ. विजय कुमार वासनिक एवं डॉ मंजूलता साव ने सुंदर गायकी से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम में बहु–संख्या में उपस्थित छात्राओं, आध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सूखे रंग एवं गुलाल से पूरे परिसर को रंगीन कर दिया।

छात्राओं ने होली फाग गीत एवं नृत्यों से रंग–फुहार नाम को सार्थक कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।



**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय, डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**

**केन्द्रीय विधालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**

पूर्व नाम–शासकिय कन्या महाविद्यालय, (दुर्ग छ.ग.) फोन:- 0788-2323773

Email:- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code: 1602


# //युवा उत्सव 2023//

शासकीय, डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा 12 ,वं 13 जनवरी 2023 को अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव 2023 आयोजित किया गया । छत्तीसगढ के पर्व नृत्य व्यंजन एवं लोककला विषय आधारित इस दो दिवसीय आयोजन ने दृश्यकला के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, आन द स्पॉट पेंटिंग एवं कोलाज प्रतियोगिता हुई जिसमें लगभग 35 महाविद्यालयों ने भाग लिया तथा 33 विद्यार्थी पोस्टर मेकिंग, 29 विद्यार्थी आन द स्पॉट पेंटिंग तथा 17 विद्यार्थियों ने कोलाज स्पर्धा में बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस. सी. तिवारी डॉ.वा. वा. पाटणकर शा. कन्या महा. दुर्ग ने अवलोकन करते हुए, प्रतिभागी विद्यार्थीयों की कलाकृतियों को सराहा पर्यवेक्षक के रूप मे डॉ. श्री सुमित अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन हेमचन्द विश्विद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा जी ने कला प्रतियाकगिता का अवलोकन किया एवं प्रतियोगी विद्यार्थीयों को सराहना दी। इस दिन पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. श्री सुमित अग्रवाल तथा डॉ. प्रीता लाल सस्वयक महा. विकास परिषद हेमचन्द विश्विद्यालय रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ नसरीन हुसैन तथा श्री उपेंद्र देवांगन (कला शिक्षक केंद्रीय विद्यालय उतई दुर्ग) रहे।

पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान कु. वर्षा यादव बी.एस.सी.। ( शा. आदर्श महा. धनोरा), द्वितीय स्थान कु. किरण सोनबेर एम.ए.। (डॉ.वा.वा. पाटणकर शा. कन्या महा. दुर्ग) तृतीय स्थान सोमन यादव बी.एस.सी. ।।। ( चंदु लाल चंद्राकर वा. धमधा) रहे। आन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिषेक शर्मा बी.ए.। ( शंकराचार्य कॉलेज भिलाई), द्वितीय स्थान आलोक पटेला बी.ए.( डॉ खूबचंद बघेल शा. स्ना. महा. भिलाई) तथा तृतीय स्थान कु. रिया बारले बी.ए.।।। (शासकीय, डॉ. व. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय) रहीं। कोलाज स्पर्धा में प्रथम स्थान अभिषेक शर्मा बी.ए. ।।। (शंकराचार्य महा. भिलाई), द्वितीय स्थान कु. विद्या भारती बी.एड.। ( भिलाई मैत्री कॉलेज रिसाली ) रहे ।


प्रतियोगिता का समन्वयन डॉ. ऋचा ठाकुर (विभागाध्यक्ष नृत्य विभाग) द्वारा सफलतापूर्वक किया गया तथा तृप्ति खरे (सहा. प्रा. मूर्तिकला विभाग), मधु पांडे (सहा. प्रा. अंग्रेजी), श्री रूपेश कुमार साहू (सहा. प्रा. अंग्रेजी), श्री लावेंद्र (सहा. प्रा. इतिहास), कु. वर्षा त्रिपाठी (सहा. प्रा. अंग्रेजी), कु. नूतन देशमुख (सहा. प्रा. वाणिज्य), कु. डिम्पल साहू (सहा. प्रा. वाणिज्य), श्री मनकेश्वर पंडित (सहा. प्रा. भूगोल), कु. ईशा देशमुख (कम्प्यूटर ऑपरेटर) का पूर्ण रूप से सहयोग रहा।








**Principal**
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)










Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

Principal
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)